Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to release the balance amount of the special assistence to states for capital expenditure for 2021-22 to Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई स्कीम The Special Assistance to States for Capital Expenditure for 2021-22 की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं, जो राज्यों को आर्थिक सुधार के लिए प्रोत्साहन देती है।

महोदय, वित्त मंत्रालय ने **8** राज्यों को, जिसमें बिहार राज्य भी शामिल है, वर्ष 2021-22 में पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत कैपिटल प्रोजेक्ट के लिए 2,903.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जिसमें बिहार राज्य के लिए 831 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं । 831 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि में से बिहार को केवल 415.50 करोड़ रुपये की राशि रिलीज की गई है।

महोदय, अतः मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार राज्य की शेष बकाया राशि यानी 415.50 करोड़ रुपये को यथाशीघ्र रिलीज किया जाए, ताकि बिहार में आर्थिक सुधार को गति एवं मज़बूती मिल सके।